भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †469
सोमवार, 24 जुलाई, 2023/2 श्रावण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

जी-20 पर्यटन

†469. श्री भोला सिंह:
श्री विनोद कुमार सोनकर:
श्री राजा अमरेश्वर नाईक:
डॉ. सुकान्त मजूमदार:
श्री राजवीर सिंह (राजू भैय्या):

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्रीय पर्यटन मंत्री ने न्यूयार्क में जी-20 पर्यटन पीठ में भाग लेने के साथ-साथ सतत् विकास लक्ष्यों (एसडीजी) पर संयुक्त राष्ट्र उच्चस्तरीय राजनीतिक मंच (एचएलपीएफ) में देश का प्रतिनिधित्व किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या केन्द्रीय पर्यटन मंत्री ने एसडीजी 2030 को प्राप्त करने में सहायता करने के लिए पर्यटन विकास की योजना को साझा किया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या जी-20 पर्यटन कार्य दल के एक भाग के रूप में परिकल्पित भारत घोषणा और गोवा रोड मैप को वहां प्रदर्शित किया गया था; और

(च) यदि हां, तो अन्य प्रतिभागी देशों से क्या प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): जी हां । केंद्रीय पर्यटन मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी ने न्यूयॉर्क में स्थायी विकास लक्ष्यों (एसडीजी) पर संयुक्त राष्ट्र उच्च स्तरीय राजनैतिक फोरम (एचएलपीएफ) में भारत का प्रतिनिधित्व किया है ।

(ग) और (घ): उच्च स्तरीय राजनैतिक फोरम के दौरान भारत ने विभिन्न पहलों और कार्यनीतियों के कार्यान्वयन द्वारा पर्यटन के माध्यम से स्थायी विकास लक्ष्यों को बेहतर बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों को रेखांकित किया ।

एचएलपीएफ की सभा को भारत के पर्यटन क्षेत्र में स्थायित्व को मुख्य धारा में लाने और प्राकृतिक तथा सांस्कृतिक संसाधनों का संरक्षण करने के साथ-साथ लचीला, समावेशी, कार्बन न्यूट्रल और संसाधन सक्षम पर्यटन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पर्यटन मंत्रालय द्वारा आरंभ की गई 'स्थायी पर्यटन के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति' के बारे में भी सूचित किया गया था । सभा को लाइफ (LifE) के लिए यात्रा (पर्यावरण के लिए जीवनशैली) पहल (जो माननीय प्रधानमंत्री के मिशन लाइफ कार्यक्रम के अनुरूप है) के बारे में भी सूचित किया गया था जिसमें व्यक्तियों और समुदायों को पर्यावरण तथा जलवायु संरक्षण हेतु सामान्य कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया गया है । इसके अतिरिक्त सभा को भारत के स्थायी पर्यटन मानक (एसटीसीआई), पर्यटन के संवर्धन हेतु भारत में अवसंरचना विकास, अंतिम मील तक कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए नागर विमानन मंत्रालय के साथ सहभागिता, विद्युतीय और हरित परिवहन विकल्पों को प्रोत्साहन और स्थायी विकास लक्ष्य 2030 को प्राप्त करने के लिए पर्यटन क्षेत्र के कार्बन फुटप्रिंट को कम करना जैसे अन्य कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी गई ।

(ड़) और (च): जी हां । उच्चस्तरीय राजनैतिक फोरम कार्यक्रम के दौरान 'स्थायी विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक माध्यम के रूप में पर्यटन हेतु गोवा रोडमैप' - भारत की जी20 अध्यक्षता में जी20 पर्यटन कार्य समूह का आउटकम दस्तावेज प्रस्तुत किया गया ।

सहभागियों ने 'स्थायी विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक माध्यम के रूप में पर्यटन हेतु गोवा रोडमैप' की सराहना की और पर्यटन उद्योग में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता के प्रति भारत सरकार द्वारा की गई कार्रवाई की प्रशांसा की ।

*****